निबंधन संख्या पी0टी0-40

# बिहार गजट

## बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित

संख्या 09 पटना, बुधवार, 12 फाल्गुन, 1931 (श0) / 3 मार्च, 2010 (ई0)

## विषय-सूची


पृष्ठ

भाग-1—नियुक्ति, पदस्थापन, बदली, शक्ति, छुट्टी और अन्य व्यक्तिगत सूचनाएं। **2-14**

भाग-1-क—स्वयंसेवक गुल्मों के समादेष्टाओं के आदेश। ---

भाग-1-ख—मैट्रीकुलेशन, आई0ए0, आई0एससी0, बी0ए0, बी0एससी0, एम0ए0, एम0एससी0, लॉ भाग-1 और 2, एम0बी0बी0एस0, बी0एस0ई0, डीप0-इन-एड0, एम0एस0 और मुख्तारी परीक्षाओं के परीक्षा-फल, कार्यक्रम, छात्रवृत्ति प्रदान, आदि। ---

भाग-1-ग—शिक्षा संबंधी सूचनाएं, परीक्षाफल आदि ---

भाग-2—बिहार-राज्यपाल और कार्याध्यक्षों द्वारा निकाले गये विनियम, आदेश, अधिसूचनाएं और नियम आदि। **15-22**

भाग-3—भारत सरकार, पश्चिम बंगाल सरकार और उच्च न्यायालय के आदेश, अधिसूचनाएं और नियम, 'भारत गजट' और राज्य गजटों के उद्धरण। ---

भाग-4—बिहार अधिनियम ---

पृष्ठ

भाग-5—बिहार विधान मंडल में पुर:स्थापित विधेयक, उक्त विधान मंडल में उपस्थापित या उपस्थापित किये जानेवाले प्रवर समितियों के प्रतिवेदन और उक्त विधान मंडल में पुर:स्थापन के पूर्व प्रकाशित विधेयक। ---

भाग-7—संसद के अधिनियम जिनपर राष्ट्रपति की अनुमति मिल चुकी है। ---

भाग-8—भारत की संसद में पुर:स्थापित विधेयक, संसद में उपस्थापित प्रवर समितियों के प्रतिवेदन और संसद में उपस्थापित प्रवर समितियों के प्रतिवेदन और संसद में पुर:स्थापन के पूर्व प्रकाशित विधेयक। ---

भाग-9—विज्ञापन ---

भाग-9-क—वन विभाग की नीलामी संबंधी सूचनाएं ---

भाग-9-ख—निविदा सूचनाएं, परिवहन सूचनाएं, न्यायालय सूचनाएं और सर्वसाधारण सूचनाएं इत्यादि। **23-24**

पूरक ---

पूरक-क **25-27**

# भाग-1

## नियुक्ति, पदस्थापन, बदली, शक्ति, छुट्टी और अन्य वैयक्तिक सूचनाएं

विधि विभाग

अधिसूचनाएं

25 फरवरी 2010

एस0ओ0 30 दिनांक 3 मार्च 2010—नोटरीज अधिनियम, 1952 (53, 1952) की धारा-10 की उप-धारा (बी) एवं (एफ) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बिहार-राज्यपाल, श्री कामेश्वर झा, नोटरी, शिवहर जिनकी नियुक्ति नोटरी के रूप में विधि विभाग की अधिसूचना ज्ञाप संख्या-518जे0, दिनांक 17 फरवरी 2004 द्वारा की गयी थी, के नोटरी अनुज्ञप्ति को आदेश निर्गत की तिथि से निरस्त करते हुए, नोटरीज अधिनियम, 1952 की धारा-4 के अन्तर्गत नोटरियों के लिये संधारित पंजी से इनका नाम हटाने का आदेश देते हैं तथा विशेष परिस्थिति में अभी तक इनके द्वारा किये गए कार्यों को नियमित करते हैं।

(संचिका सं0-ए./नोट-45/98/870/जे0)
बिहार-राज्यपाल के आदेश से,
मजहर इमाम, प्रभारी सचिव।

25 फरवरी 2010

एस0ओ0. 31 एस0ओ0. 30 दिनांक 3 मार्च 2010 का अंग्रेजी में निम्नलिखित अनुवाद बिहार-राज्यपाल के प्राधिकार से इसके द्वारा प्रकाशित किया जाता है, जो भारतीय संविधान के अनुच्छेद-348 के खण्ड(3) के अधीन अंग्रेजी भाषा का प्राधिकृत पाठ समझा जायेगा।

(संचिका सं0-ए./नोट-45/98/870/जे0)
बिहार-राज्यपाल के आदेश से,
मजहर इमाम, प्रभारी सचिव।

*The 25th February 2010*

S.O. 30 dated the 3rd March 2010—In exercise of the powers conferred under sub section (b) and (f) of Section -10 of the Notaries Act, 1952 (53 of 1952) the Governor of Bihar is pleased to repeal the notary licence with effect from the date of issue of the order and to remove the name of Sri Kameshwar Jha, Notary, Sheohar, who was appointed as notary under Law Department's Notification memo no.-518J dated 12th February 2004 from the register maintained for Notaries under section 4 of the Notaries Act, 1952 and in special circumstances regularise the acts done by him uptill now

(File No.-A/Not -45/98/870/J.)
By Order of the Governor of Bihar,
MAZHAR IMAM, I/C Secretary.

18 फरवरी 2010

एस0ओ0 32 दिनांक 3 मार्च 2010—नोटरीज एक्ट, 1952(53, 1952) की धारा-5(2) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बिहार-राज्यपाल नोटरीज एक्ट, 1952 (53, 1952) की धारा-3 और नोटरीज रूल्स, 1956 के नियम-8 के उप-नियम (4) के अधीन विधि विभाग की अधिसूचना संख्या-3861/जे0, दिनांक 25 अगस्त 2004 के द्वारा

नियुक्त लेख्य प्रमाणक श्री विनोद कुमार नं0-1 जिनका नोटरीज पंजी के अनुसार ब्यौरा नीचे अंकित है, को दिनांक 25 अगस्त 2009 से पुनः आगामी पांच वर्षो के लिए लेख्य प्रमाणक के रूप में कार्य करने के लिए प्राधिकृत करते है।

| लेख्य प्रमाणक के नाम | आवासीय एवं व्यवसायिक पता | लेख्य प्रमाणक पंजी में नाम अंकित होने की तिथि | अर्हता | जिस क्षेत्र में व्यवसाय करने के लिए प्राधिकृत किया गया है | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| श्री विनोद कुमार नं0-1 | अधिवक्ता, अनुमंडलीय न्यायालय, बाढ़ | 25.08.04 | बी0ए0 एल0एल0बी0 | बाढ़ अनुमण्डल | |

(सं0सं0-ए0/नोट0-एस0-82/2002/743/जे0)
बिहार-राज्यपाल के आदेश से,
राजेन्द्र कुमार मिश्र, सचिव।

---

18 फरवरी 2010

एस0ओ0. 33 एस0ओ0. 32 दिनांक 3 मार्च 2010 का अंग्रेजी में निम्नलिखित अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकारी से इसके द्वारा प्रकाशित किया जाता है, जो भारत संविधान के अनुच्छेद-348 के खंड-3 के अधीन अंग्रेजी भाषा में उसका प्राधिकृत पाठ समझा जायेगा।

(सं0सं0-ए0/नोट0-एस0-82/2002/743/जे0)
बिहार-राज्यपाल के आदेश से,
राजेन्द्र कुमार मिश्र, सचिव ।

---

*The 18th February 2010*

S.O.32 dated the 3rd march 2010—In exercise of the powers conferred by section-5(2) of Notaries Act, 1952 (53 of 1952) the Governor of Bihar is pleased to authorise Shri Binod Kumar No.-1 and whose detail according to Notary Register, is given below the Notary appointed under section-3 of the Notaries Act, 1952 (53 of 1952) and sub-rule (4) of Rule-8 of the Notaries Rules, 1956 by the State Government in Law Department Notification no.3861/J, dated 25th August 2004 to practice as notary again for the next five years from 25th August 2009.

| Name of Notary | Residential/ Professional address | Date of which the name of Notary has been entered in the Register | Qualification | Area in which Notary to practice. | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| Sri Binod Kumar (No.-1) | Advocate, Sub-Divisional Court, Barh | 25-08-04 | B.A. L.L.B. | Barh Sub-Division | |

(File no.-A/Not(S)-82/2002/743/J)
By order of the Governor of Bihar,
**RAJENDRA KUMAR MISHRA,** *Secretary.*

19 फरवरी 2010

एस0ओ0 34 दिनांक 3 मार्च 2010—नोटरीज एक्ट, 1952 (53, 1952) की धारा-5(2) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बिहार-राज्यपाल नोटरीज एक्ट, 1952 (53, 1952) की धारा-3 और नोटरीज रूल्स, 1956 के नियम-8 के उप-नियम (4) के अधीन विधि विभाग की अधिसूचना संख्या-4754जे0, दिनांक 27 अक्तूबर 2004 के द्वारा नियुक्त लेख्य प्रमाणक श्री राम भरोस साह, जिनका नोटरीज पंजी के अनुसार ब्यौरा नीचे अंकित है, जो दिनांक 27 अक्तूबर 2009 से पुनः आगामी पाँच वर्षो के लिए लेख्य प्रमाणक के रूप में कार्य करने के लिए प्राधिकृत करते हैं।

| लेख्य प्रमाणक के नाम | आवासीय एवं व्यवसायिक पता | लेख्य प्रमाणक पंजी में नाम अंकित होने की तिथि | अर्हता | जिस क्षेत्र में व्यवसाय करने के लिए प्राधिकृत किया गया है | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| श्री राम भरोस साह | व्यवहार न्यायालय, समस्तीपुर | 27.10.04 | बी0कॉम0 एल0एल0बी0 | समस्तीपुर | |

(सं0सं0-ए0/नोट0-14/2001/775/जे0)
बिहार राज्यपाल के आदेश से,
राजेन्द्र कुमार मिश्र, सचिव।

---

19 फरवरी 2010

एस0ओ0. 35 एस0ओ0. 34 दिनांक 3 मार्च 2010 का अंग्रेजी में निम्नलिखित अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकारी से इसके द्वारा प्रकाशित किया जाता है, जो भारत संविधान के अनुच्छेद-348 के खंड-3 के अधीन अंग्रेजी भाषा में उसका प्राधिकृत पाठ समझा जायेगा।

(सं0सं0-ए0/नोट0-14/2001/775/जे0)
बिहार राज्यपाल के आदेश से,
राजेन्द्र कुमार मिश्र, सचिव।

---

*The 19th February 2010*

S.O.34 the 3rd March 2010—In exercise of the powers conferred by section-5(2) of Notaries Act, 1952 (53 of 1952) the Governor of Bihar is pleased to authorise Shri Ram Bhrosh Sah and whose detail according to Notary Register, is given below the Notary appointed under section-3 of the Notaries Act, 1952 (53 of 1952) and sub-rule (4) of Rule-8 of the Notaries Rules, 1956 by the State Government in Law Department Notification no. 4754J, dated 27th October 2004 to practice as notary again for the next five years from 27th October 2009

| Name of Notary | Residential/ Professional address | Date of which the name of Notary has been entered in the Register | Qualification | Area in which Notary to practice. | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| Sri Ram Bhrosh Sah | Civil Court, Samastipur | 27.10.04 | B.Com L.L.B | Samastipur | |

(File no.-A/Not.-14/2001/775/J)
By order of the Governor of Bihar,
RAJEDRA KUMAR MISHRA, *Secretary*.

कृषि विभाग

अधिसूचनाएं

10 फरवरी 2010

सं०1/ए०जी०–01/2010–742/कृ०—बिहार कृषि अधीनस्थ सेवा कोटि– 3 (रसायन) अन्तर्गत सहायक अनुसंधान पदाधिकारी के पदों पर कार्यरत कर्मियों को उसी कोटि के बिहार कृषि सेवा वर्ग–2 के वेतनमान 6500–10500 रू० में विभागीय अधिसूचना संख्या–1/ए०जी०–16/2005–8563, दिनांक 30 दिसम्बर 2009 द्वारा पद ग्रहण करने की तिथि से दी गई नियमित प्रोन्नति के फलस्वरूप कॉलम–2 में अंकित निम्नांकित पदाधिकारियों को स्थानान्तरित करते हुए कॉलम–3 में दर्शाये गये पद एवं पदस्थापन स्थान पर तात्कालिक प्रभाव से पदस्थापित किया जाता है।

| क्र० सं० | पदाधिकारी का नाम एवं वर्त्तमान पदस्थान | प्रोन्नत पद एवं नव पदस्थापन स्थान |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | श्री जय नारायण सिंह, सहायक अनुसंधान पदाधिकारी, गुण नियंत्रण प्रयोगशाला, पटना | सहायक मिट्टी रसायनज्ञ, केन्द्रीय मिट्टी जाँच प्रयोगशाला, पटना |
| 2 | श्री विनय कुमार पाण्डेय, सहायक अनुसंधान पदाधिकारी, आरा | सहायक मिट्टी रसायनज्ञ, मिट्टी जाँच प्रयोगशाला, दरभंगा |
| 3 | श्री पूर्णेन्दू नाथ झा, सहायक अनुसंधान पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर | सहायक मिट्टी रसायनज्ञ, मिट्टी जाँच प्रयोगशाला, सारण (छपरा) |
| 4 | श्री जीवकान्त झा, सहायक अनुसंधान पदाधिकारी, उपयोगी अनुसंधान, बिहार, पटना | सहायक मिट्टी रसायनज्ञ, मिट्टी जाँच प्रयोगशाला, मुंगेर |
| 5 | श्री दिनेश कुमार, सहायक अनुसंधान पदाधिकारी, हाजीपुर (वैशाली) | सहायक मिट्टी रसायनज्ञ, मिट्टी जाँच प्रयोगशाला, गया |
| 6 | श्री सुबोध कुमार, सहायक अनुसंधान पदाधिकारी, मुंगेर | सहायक मिट्टी रसायनज्ञ, मिट्टी जाँच प्रयोगशाला, सहरसा |

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
नथुनी शरण, अवर सचिव।

13 नवम्बर 2009

सं०1/ए०जी०–(प्रो०)–38/2009/5777–कृ०—बिहार कृषि सेवा कोटि–9 (सांख्यिकी) वर्ग–2 (वेतनमान रुपये 6500–10,500) के निम्नांकित पदाधिकारियों को उसी कोटि के वर्ग–1 के वेतनमान रुपये 10,000–15,200 के चिह्नित पद, यथा उप कृषि निदेशक (सांख्यिकी) एवं समकक्षीय पदों पर अधिसूचना निर्गत होने की तिथि से नियमित प्रोन्नति दी जाती है।

1. श्री रामबली चौधरी – जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी, सहरसा।
2. श्री सुशील कुमार – जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी, पटना।
3. डा० राजेश कुमार शर्मा – सहायक कृषि निदेशक (सांख्यिकी) मुख्यालय, पटना।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
नथुनी शरण, अवर सचिव।

23 अक्तूबर 2009

सं० 1/ए०जी० प्रो०–38/09–5343/कृ०—बिहार कृषि सेवा कोटि–1 (शष्य) वर्ग–2 के पदाधिकारी श्री मानकी राम, सम्प्रति अपर कृषि निदेशक (प्रसार), बिहार, पटना को उसी कोटि के कनीय प्रवर कोटि वेतनमान–3000–4500 रू0 (अपुनरीक्षित) में दिनांक 27 अक्तूबर 1991 के प्रभाव से प्रोन्नति दी जाती है।

2. उक्त प्रोन्नति के फलस्वरूप संबंधित पदाधिकारी को वित्तीय लाभ, वित्त विभाग के संकल्प संख्या–660, दिनांक 8 फरवरी 1999 के आलोक में दिनांक 31 दिसम्बर 1995 या सेवा निवृत्ति/मृत्यु की तिथि, जो पहले हो तक हीं देय होगा।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
नथुनी शरण, अवर सचिव।

---

23 अक्तूबर 2009

सं० 1/ए०जी०–प्रो०–38/09–5342/कृ०—वित्त विभाग के संकल्प संख्या 10770, दिनांक 30 दिसम्बर 1981 में निहित प्रावधान के आलोक में बिहार कृषि सेवा कोटि–1 (शष्य) वर्ग–2 वेतनमान 2200–4000 रु० (अपुनरीक्षित) के निम्नांकित पदाधिकारियों को विभागीय प्रोन्नति/स्क्रीनिंग समिति द्वारा की गई अनुशंसा के आधार पर उनके नाम के सामने अंकित तिथि से वेतनमान 3000–4500 रु० (अपुनरीक्षित) में प्रथम कालबद्ध प्रोन्नति दी जाती हैः–

| क्रमांक | पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम | प्रथम कालबद्ध प्रोन्नति की देय तिथि |
|---|---|---|
| 1 | श्री अवधेश नारायण सिंह, सेवा निवृत्त अनुमंडल कृषि पदाधिकारी (सामान्य), जमशेदपुर, पूर्वी सिंहभूम, झारखंड | दिनांक 01.10.1990 |
| 2 | श्री दिनेश चन्द्र प्रसाद वर्मा, सेवा निवृत्त परियोजना कार्यपालक पदाधिकारी, कटिहार | दिनांक 12.10.1990 |
| 3 | श्री वीरेन्द्र कुमार, सेवा निवृत्त विषय वस्तु विशेषज्ञ, मुजफ्फरपुर पूर्वी | दिनांक 01.10.1990 |
| 4 | श्री पशुपति नाथ वर्मा, सेवा निवृत्त, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी (सामान्य), सीतामढ़ी पश्चिम। | दिनांक 01.10.1990 |

2. उक्त कालबद्ध प्रोन्नति के फलस्वरूप संबंधित पदाधिकारियों को वित्तीय लाभ वित्त विभाग के संकल्प संख्या 660, दिनांक 8 फरवरी 1999 के आलोक में दिनांक 31 दिसम्बर 1995 या सेवा निवृत्ति की तिथि जो भी पहले हो तक ही देय होगा।

3. भविष्य में यदि पाया गया कि दी गई प्रथम कालबद्ध प्रोन्नति गलत है, और इसके चलते अधिक राशि का भुगतान हुआ है तो अधिक भुगतान की गई राशि की वसूली कर ली जायेगी।

4. इस प्रोन्नति से पारस्परिक वरीयता प्रभावित नहीं होगी।

5. यह कालबद्ध प्रोन्नति इस शर्त्त के साथ दी जा रही है कि मंत्रिमंडल (निगरानी) विभाग, बिहार, पटना से यदि संबंधित पदाधिकारी के संबंध में प्रतिकूल प्रतिवेदन प्राप्त होता है, तो उनको दी गई कालबद्ध प्रोन्नति नियमानुसार वापस कर ली जायेगी।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
नथुनी शरण, अवर सचिव।

---

23 अक्तूबर 2009

सं० 1/ए०जी०–प्रो०–38/2009–5341/कृ०—वित्त विभाग की अधिसूचना संख्या–4685–वि०(2) दिनांक 25 जून 2003 के आलोक में बिहार कृषि सेवा कोटि– 8 (माप एवं तौल) वर्ग– 2, वेतनमान 6500–10500 रु० में कार्यरत निम्नांकित पदाधिकारियों को बिहार राज्य सेवा शर्त्त (सुनिश्चित वृत्ति उन्नयन योजना) नियमावली 2003 में निहित प्रावधानों के अन्तर्गत उनके नाम के सामने अंकित तिथि से प्रोन्नति के द्वितीय स्तर के पद यथा उप कृषि निदेशक एवं समकक्ष कोटि के वेतनमान 10,000–325–15.200 रु० में विभागीय प्रोन्नति/स्क्रीनिंग समिति द्वारा दिनांक 6 अक्तूबर 2009 को सम्पन्न बैठक में की गई अनुशंसा के आलोक में प्रथम वित्तीय उन्नयन की स्वीकृति प्रदान की जाती हैः–

| क्र० सं० | पदाधिकारी का नाम/पदनाम एवं कोटि वरीयता क्रमांक | सरकारी सेवा में प्रथम नियुक्ति की तिथि | वर्त्तमान संवर्ग में योगदान की तिथि | प्रथम/द्वितीय वित्तीय उन्नयन की देय तिथि एवं वेतनमान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | श्री अनिल कुमार,<br>सहायक नियंत्रक, माप–तौल, मोतिहारी–48/04 | 13.02.97 | 03.04.97 | प्रथम ए०सी०पी०<br>03.04.2009<br>10,000–15,200 |
| 2 | श्री सत्येन्द्र प्रसाद राय,<br>सहायक नियंत्रक, माप–तौल, गोपालगंज–49/05 | 13.02.97 | 04.04.97 | प्रथम ए०सी०पी०<br>04.04.2009<br>10,000–15,200 |
| 3 | श्री अरूण कात्यायन<br>सहायक नियंत्रक, माप–तौल, बेगुसराय–50/06 | 13.02.97 | 09.04.97 | प्रथम ए०सी०पी०<br>09.04.2009<br>10,000–15.200 |
| 4 | श्री निर्मल कुमार प्रसाद<br>सहायक नियंत्रक, माप–तौल, मुंगेर–51/07 | 13.02.97 | 04.04.97 | प्रथम ए०सी०पी०<br>04.04.2009<br>10,000–15.200 |
| 5 | श्री गणेश कुमार,<br>सहायक नियंत्रक, माप–तौल, द्वितीय मानक प्रयोगशाला,<br>मुजफ्फरपुर–52/08 | 13.02.97 | 04.04.97 | प्रथम ए०सी०पी०<br>04.04.2009<br>10,000–15,200 |
| 6 | श्री कृष्ण प्रकाश,<br>सहायक नियंत्रक, माप–तौल, मधुबनी, 53/09 | 13.02.97 | 03.04.97 | प्रथम ए०सी०पी०<br>03.04.2009<br>10,000–15,200 |
| 7 | श्री अंजनी कुमार,<br>सहायक नियंत्रक, माप–तौल, बिहारशरीफ<br>(नालन्दा)–54/10 | 13.02.97 | 03.04.97 | प्रथम ए०सी०पी०<br>03.04.2009<br>10,000–15,200 |
| 8 | श्री अजय कुमार सहनी,<br>सहायक नियंत्रक, माप–तौल, सहरसा–56/11 | 13.02.97 | 08.08.97 | प्रथम ए०सी०पी०<br>08.08.2009<br>10,000–15,200 |
| 9 | श्री संजय कुमार, उप नियंत्रक, माप–तौल, अंशाकन दल,<br>मुख्यालय, पटना–61/12 | 13.02.97 | 03.04.97 | प्रथम ए०सी०पी०<br>03.04.2009<br>10,000–15,200 |
| 10 | श्री प्रभाकर भारती,<br>सहायक नियंत्रक, माप–तौल, कटिहार–62/13 | 13.02.97 | 03.04.97 | प्रथम ए०सी०पी०<br>03.04.2009<br>10,000–15,200 |

2. वित्तीय उन्नयन के फलस्वरूप कर्मी का वेतन नियतीकरण, सुनिश्चित वृत्ति उन्नयन योजना नियमावली के नियम 8(1) के अनुसार किया जायेगा। यदि कोई कर्मी प्रवर कोटि या कालबद्ध प्रोन्नति योजना, जो पहले विद्यमान था, के अधीन वेतन नियतन का लाभ ले चुके हों, तो उच्चतर वेतनमान में उनका वेतन नियतन मौलिक नियमावली के नियम 22(I) ए( II) के प्रावधानों के अनुसार होगा। किन्तु जिन्हें पूर्व में प्रवर कोटि या कालबद्ध प्रोन्नति योजना के अधीन वेतन नियतन का लाभ प्राप्त नहीं हुआ है, उनका वेतन नियतन मौलिक नियमावली के नियम–22(I) ए(I) के प्रावधानों के अनुसार होगा।

3. वित्तीय उन्नयन का लाभ प्राप्त करने के बाद भी पदधारक की पदीय स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं होगा अर्थात संबंधित पदाधिकारी को उच्चतर वेतनमान के पदनाम कर्त्तव्य और दायित्व प्राप्त नहीं होंगे।

4. ए०सी०पी० योजना के अधीन उच्चतर वेतनमान की यह स्वीकृति इस शर्त के अधीन है कि भविष्य में नियमित प्रोन्नति के पद जब उपलब्ध होंगे तो संबंधित पदाधिकारी को उसे स्वीकार करना होगा। नियमित प्रोन्नति के पद पर प्रोन्नति को अस्वीकार करने की स्थिति में संबंधित पदाधिकारी को मूल कोटि के वेतनमान में प्रत्यावर्तित कर दिया जायेगा।

5. इस योजना के अधीन यह वित्तीय उन्नयन विशुद्ध रूप में व्यक्तिगत लाभ होगा एवं इसका वरीयता से कोई संबंध नहीं होगा। अतः संवर्ग में कनीय पदाधिकारियों के ए०सी०पी० योजनान्तर्गत उच्चतर वेतनमान प्राप्त होने के आधार पर वरीय पदाधिकारी को अतिरिक्त वित्तीय उन्नयन/वेतन संरक्षण देय नहीं होगा।

6. भविष्य में सम्बद्ध पदाधिकारी के सम्वर्ग से संबंधित वित्त विभाग, बिहार, पटना अथवा सक्षम प्राधिकार द्वार इनके वेतनमान से संबंधित यदि कोई निर्णय लिये जाते हैं तो यह वित्तीय उन्नयन तदनुसार प्रभावित होते हुए रूपभेदित किया जा सकेगा।

7. उपर्युक्त किसी भी पदाधिकारी के संबंध में भविष्य में किसी प्रकार की त्रुटि या पार्थक्य पाये जाने अथवा यदि वित्त विभाग/सक्षम प्राधिकार के द्वारा इस वित्तीय उन्नयन के संबंध में किसी प्रकार की आपत्ति उठायी जाएगी या मंत्रिमंडल (निगरानी) विभाग, बिहार, पटना से यदि किसी पदाधिकारी के संबंध में प्रतिकूल प्रतिवेदन प्राप्त होता है तो संबंधित पदाधिकारी को प्रदत्त ए०सी०पी० योजना के लाभ से संबंधित आदेश को नियमानुसार अवक्रमित/संशोधित कर दिया जाएगा तथा उन्हें भुगतान की गयी राशि तदनुसार वसूली/सामंजन कर ली जाएगी।

8. उपर्युक्त वित्तीय उन्नयन के फलस्वरूप संबंधित पदाधिकारी की वरीयता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा तथा वह पूर्ववत बनी रहेगी।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
नथुनी शरण, अवर सचिव।

---

23 अक्तूबर 2009

सं० 1/ए०जी०–प्रो०–38/2009–5340–कृ०—वित्त विभाग की अधिसूचना संख्या–4685–वि०(2) दिनांक 25 जून 2003 के आलोक में बिहार कृषि सेवा कोटि–2 (कृषि अभियंत्रण) वर्ग–2, वेतनमान–6500–10500 रू० के पदाधिकारी श्री रघुनाथ प्रसाद सिंह, कर्मशाला अधीक्षक, पटना को बिहार राज्य सेवा शर्त्त अन्तर्गत सुनिश्चित वृत्ति उन्नयन योजना नियमावली 2003 में निहित प्रावधानों के आलोक में दिनांक 9 अगस्त 1999 के प्रभाव से वेतनमान 10,000–15,200 रू० में द्वितीय वित्तीय उन्नयन की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. वित्तीय उन्नयन के फलस्वरूप कर्मी का वेतन नियतीकरण, सुनिश्चित वृत्ति उन्नयन योजना नियमावली के नियम 8(1) के अनुसार किया जायेगा। यदि ये प्रवर कोटि या कालबद्ध प्रोन्नति योजना, जो पहले विद्यमान था, के अधीन वेतन नियतन का लाभ ले चुके हों, तो उच्चतर वेतनमान में इनका वेतन नियतन मौलिक नियमावली के नियम 22(I) ए(II) के प्रावधानों के अनुसार होगा। यदि इन्हें पूर्व में प्रवर कोटि या कालबद्ध प्रोन्नति योजना के अधीन वेतन नियतन का लाभ प्राप्त नहीं हुआ है, इनका वेतन नियतन मौलिक नियमावली के नियम–22(I) ए(I) के प्रावधानों के अनुसार होगा।

3. वित्तीय उन्नयन का लाभ प्राप्त करने के बाद भी पदधारक की पदीय स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं होगा अर्थात संबंधित पदाधिकारी को उच्चतर वेतनमान के पदनाम कर्त्तव्य और दायित्व प्राप्त नहीं होंगे।

4. ए०सी०पी० योजना के अधीन उच्चतर वेतनमान की यह स्वीकृति इस शर्त के अधीन है कि भविष्य में नियमित प्रोन्नति के पद जब उपलब्ध होंगे तो संबंधित पदाधिकारी को उसे स्वीकार करना होगा। नियमित प्रोन्नति के पद पर प्रोन्नति को अस्वीकार करने की स्थिति में संबंधित पदाधिकारी को मूल कोटि के वेतनमान में प्रत्यावर्तित कर दिया जायेगा।

5. इस योजना के अधीन यह वित्तीय उन्नयन विशुद्ध रूप में व्यक्तिगत लाभ होगा एवं इसका वरीयता से कोई संबंध नहीं होगा। अतः संवर्ग में कनीय पदाधिकारियों के ए०सी०पी० योजनान्तर्गत उच्चतर वेतनमान प्राप्त होने के आधार पर वरीय पदाधिकारी को अतिरिक्त वित्तीय उन्नयन/वेतन संरक्षण देय नहीं होगा।

6. भविष्य में सम्बद्ध पदाधिकारी के सम्वर्ग से संबंधित वित्त विभाग, बिहार, पटना अथव सक्षम प्राधिकार द्वार इनके वेतनमान से संबंधित यदि कोई निर्णय लिये जाते हैं तो यह वित्तीय उन्नयन तदनुसार प्रभावित होते हुए रूपभेदित किया जा सकेगा।

7. उपर्युक्त पदाधिकारी के संबंध में भविष्य में किसी प्रकार की त्रुटि या पार्थक्य पाये जाने अथवा यदि वित्त विभाग/सक्षम प्राधिकार के द्वारा इस वित्तीय उन्नयन के संबंध में किसी प्रकार की आपत्ति उठायी जाएगी या मंत्रिमंडल (निगरानी) विभाग, बिहार, पटना से यदि किसी पदाधिकारी के संबंध में प्रतिकूल प्रतिवेदन प्राप्त होता है तो संबंधित पदाधिकारी को प्रदत्त ए०सी०पी० योजना के लाभ से संबंधित आदेश को नियमानुसार अवक्रमित/संशोधित कर दिया जाएगा तथा उन्हें भुगतान की गयी राशि तदनुसार वसूली/सामंजन कर ली जाएगी।

8. उपर्युक्त वित्तीय उन्नयन के फलस्वरूप संबंधित पदाधिकारी की वरीयता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा तथा वह पूर्ववत बनी रहेगी।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
नथुनी शरण, अवर सचिव।

23 अक्तूबर 2009

सं० 1/ए०जी० (प्रो०)–38/09–5339–कृ०—बिहार कृषि सेवा कोटि–5 (पौधा संरक्षण) वर्ग–2 के निम्नांकित पदाधिकारियों को उसी कोटि के वर्ग–1 (वेतनमान 10,000–15,200 रू०) के चिह्नित पदों, यथा उप कृषि निदेशक (पौधा संरक्षण) के पद पर अधिसूचना निर्गत होने की तिथि से नियमित प्रोन्नति दी जाती है।

1. श्री रविरंजन प्रसाद केशरी – कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, नालन्दा, बिहारशरीफ;
2. श्री श्रीकृष्ण सिंह – सर्वेलेन्स पदाधिकारी, पटना;
3. श्री प्रभात कुमार – कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, वैशाली, हाजीपुर;
4. डा० प्रमोद कुमार – सहायक कृषि निदेशक (गुण नियंत्रण), बिहार, पटना;
5. श्री अविनाश कुमार – कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, गया।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
नथुनी शरण, अवर सचिव।

---

15 सितम्बर 2009

सं० 4690–कृ०—कृषि विभाग की अधिसूचना संख्या 848, दिनांक 8 फरवरी 2008 को आंशिक रूप से संशोधित करते हुए कृषि विभाग के प्रशासी नियंत्रण के अन्तर्गत स्थापित बिहार राज्य कृषि उद्योग विकास निगम के आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएसन के नियम 72 एवं नियम 84 में निहित प्रावधानों के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा नामित पदाधिकारी डा० एन० सी० दिवाकर, डाइरेक्टर, डाइरेक्टोरेट ऑफ राइस डेवलपमेन्ट, पटना को बिहार राज्य कृषि उद्योग विकास निगम के निदेशक पर्षद में निदेशक के पद पर तात्कालिक प्रभाव से नियुक्त किये जातें हैं।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
विश्वनाथ सिंह, विशेष सचिव।

---

आदेश

27 अगस्त 2009

आ0 सं0– 04/सचिवा0–विविध–01/05–4230/कृ0—कृषि विभागीय आदेश संख्या–1163 सचिवा0, दिनांक 21 फरवरी 2008 को निरस्त करते हुए श्री नथुनी शरण, अवर सचिव, कृषि विभाग, बिहार, पटना को अपने कार्यो के अतिरिक्त विशुद्ध कार्यकारी व्यवस्था के तहत मुख्य लेखा पदाधिकारी, कृषि विभाग के कर्त्तव्यों एवं दायित्वों के निर्वहन हेतु प्राधिकृत किया जाता है।

इसमें कृषि उत्पादन आयुक्त का अनुमोदन प्राप्त है।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावी होगा।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
विश्वनाथ सिंह, विशेष सचिव।

---

अधिसूचनाएं

18 अगस्त 2009

सं० 01/ए0जी0–65/08–4009/कृ०—बाट और माप मानक (प्रवर्त्तन) अधिनियम–1985 की धारा–3 (सी) तथा 5 (i) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बिहार–राज्यपाल, विभागीय अधिसूचना संख्या–3619, दिनांक 27 जुलाई 2009 द्वारा संयुक्त कृषि निदेशक–सह–नियंत्रक, माप एवं तौल, बिहार, पटना के पद पर अधिसूचित श्री जय प्रकाश नारायण को सम्पूर्ण बिहार राज्य में नियंत्रक, विधिक माप विज्ञान की सभी शक्तियों का प्रयोग एवं कर्त्तव्यों का निर्वहन करने के लिए नियंत्रक, विधिक माप विज्ञान, बिहार, नियुक्त करते है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
नथुनी शरण, अवर सचिव।

---

23 जुलाई 2009

सं० 1/ए० कोर्ट– 35/99–3507/कृ०—C.W.J.C. No.- 1391/1999- मोस्मात उर्मा वर्मा पत्नी स्व० विपिन बिहारी वर्मा बनाम बिहार राज्य एवं अन्य में पारित न्यायादेश के अनुपालन में बिहार कृषि सेवा कोटि–1 (शष्य) के पदाधिकारी, श्री विपिन बिहारी वर्मा (अब स्वर्गीय) को विभागीय अधिसूचना संख्या 7393, दिनांक 21 अगस्त 1991 द्वारा उसी कोटि के वरीय प्रवर कोटि वेतनमान 1575–2300 रु० (अपुनरीक्षित), 3700–5000 रु० (पुनरीक्षित) में दिनांक 27 दिसम्बर 1986 के प्रभाव से

दी गयी वैचारिक लाभ के साथ नियमित प्रोन्नति के बदले उक्त तिथि से विशेष परिस्थिति में आर्थिक लाभ के साथ प्रोन्नति दी जाती है।

2. इसमें वित्त विभाग की सहमति प्राप्त है।

3. इसे पूर्वोदाहरण नहीं माना जायेगा।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
रामवृक्ष ठाकुर, अवर सचिव।

---

14 जुलाई 2009

सं० 1/ए०जी०–विविध–21/2009–3209–कृ०—वित्त विभाग की अधिसूचना संख्या 4685–वि०(2), दिनांक 25 जून 2003 के आलोक में बिहार कृषि सेवा कोटि–1 (शष्य) एवं कोटि–5 (पौधा संरक्षण) वर्ग–2 वेतनमान–6500–10500 रू० के सेवा–निवृत्त/बर्खास्त निम्नांकित पदाधिकारियों को बिहार राज्य सेवा शर्त्त (सुनिश्चित वृत्ति उन्नयन योजना) नियमावली 2003 में निहित प्रावधानों के अन्तर्गत उनके नाम के सामने अंकित तिथि से प्रोन्नति के द्वितीय स्तर के पद यथा उप कृषि निदेशक एवं समकक्ष कोटि के वेतनमान 10,000–325–15.200 रू० में विभागीय प्रोन्नति/स्क्रीनिंग समिति द्वारा दिनांक 16 जून 2009 को सम्पन्न बैठक में की गई अनुशंसा के आलोक में द्वितीय वित्तीय उन्नयन की स्वीकृति प्रदान की जाती है:–

| क्र० सं०। | पदाधिकारी का नाम/पदनाम एवं कोटि वरीयता क्रमांक। | सरकारी सेवा में प्रथम नियुक्ति की तिथि। | वर्त्तमान संवर्ग में प्रोन्नति की तिथि। | प्रथम/द्वितीय वित्तीय उन्नयन की देय तिथि एवं वेतनमान। |
|---|---|---|---|---|
| **कोटि–1 (शष्य):–** | | | | |
| 1 | श्री अगस्त तिग्गा, बर्खास्त– 09/803 | 08.05.79 | 27.10.86 | द्वितीय ए०सी०पी० 08.05.2003 10,000–15,200 |
| **कोटि–5 (पौधा संरक्षण):–** | | | | |
| 2 | श्री अचलेश्वर पाण्डेय, सेवा निवृत्त उप–कृषि निदेशक (पौ० सं०), पटना प्रमंडल, पटना– 39 | 25.05.65 | 03.10.83 | द्वितीय ए०सी०पी० 09.08.99 10,000–15,200 |
| 3 | श्री उदय नारायण सिंह, सेवा–निवृत्त सहायक कृषि निदेशक (पौधा संरक्षण), सर्वेलेन्स (मु०) पटना– 51 | 18.05.65 | 03.10.83 | द्वितीय ए०सी०पी० 09.08.99 10,000–15.200 |
| 4 | श्री राजेन्द्र मिश्र, सेवा–निवृत्त उप–कृषि निदेशक (पौधा संरक्षण) | 18.05.65 | 03.10.83 | द्वितीय ए०सी०पी० 09.08.99 10,000–15.200 |

2. वित्तीय उन्नयन के फलस्वरूप कर्मी का वेतन नियतीकरण, सुनिश्चित वृत्ति उन्नयन योजना नियमावली के नियम 8(1) के अनुसार किया जायेगा। यदि कोई कर्मी प्रवर कोटि या कालबद्ध प्रोन्नति योजना, जो पहले विद्यमान था, के अधीन वेतन नियतन का लाभ ले चुके हों, तो उच्चतर वेतनमान में उनका वेतन नियतन मौलिक नियमावली के नियम 22(I) ए(II) के प्रावधानों के अनुसार होगा। किन्तु जिन्हें पूर्व में प्रवर कोटि या कालबद्ध प्रोन्नति योजना के अधीन वेतन नियतन का लाभ प्राप्त नहीं हुआ है, उनका वेतन नियतन मौलिक नियमावली के नियम–22(I) ए(I) के प्रावधानों के अनुसार होगा।

3. वित्तीय उन्नयन का लाभ प्राप्त करने के बाद भी पदधारक की पदीय स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं होगा अर्थात संबंधित पदाधिकारी को उच्चतर वेतनमान के पदनाम कर्त्तव्य और दायित्व प्राप्त नहीं होंगे।

4. ए० सी० पी० योजना के अधीन उच्चतर वेतनमान की यह स्वीकृति इस शर्त के अधीन है कि भविष्य में नियमित प्रोन्नति के पद जब उपलब्ध होंगे तो संबंधित पदाधिकारी को उसे स्वीकार करना होगा। नियमित प्रोन्नति के पद पर प्रोन्नति को अस्वीकार करने की स्थिति में संबंधित पदाधिकारी को मूल कोटि के वेतनमान में प्रत्यावर्तित कर दिया जायेगा।

5. इस योजना के अधीन यह वित्तीय उन्नयन विशुद्ध रूप में व्यक्तिगत लाभ होगा एवं इसका वरीयता से कोई संबंध नहीं होगा। अतः संवर्ग में कनीय पदाधिकारियों के ए०सी०पी० योजनान्तर्गत उच्चतर वेतनमान प्राप्त होने के आधार पर वरीय पदाधिकारी को अतिरिक्त वित्तीय उन्नयन/वेतन संरक्षण देय नहीं होगा।

6. भविष्य में सम्बद्ध पदाधिकारी के सम्वर्ग से संबंधित वित्त विभाग, बिहार, पटना अथव सक्षम प्राधिकार द्वार इनके वेतनमान से संबंधित यदि कोई निर्णय लिये जाते हैं तो यह वित्तीय उन्नयन तदनुसार प्रभावित होते हुए रूपभेदित किया जा सकेगा।

7. उपर्युक्त किसी भी पदाधिकारी के संबंध में भविष्य में किसी प्रकार की त्रुटि या पार्थक्य पाये जाने अथवा यदि वित्त विभाग/सक्षम प्राधिकार के द्वारा इस वित्तीय उन्नयन के संबंध में किसी प्रकार की आपत्ति उठायी जाएगी या मंत्रिमंडल (निगरानी) विभाग, बिहार, पटना से यदि किसी पदाधिकारी के संबंध में प्रतिकूल प्रतिवेदन प्राप्त होता है तो संबंधित पदाधिकारी को प्रदत्त ए०सी०पी० योजना के लाभ से संबंधित आदेश को नियमानुसार अवक्रमित/संशोधित कर दिया जाएगा तथा उन्हें भुगतान की गयी राशि तदनुसार वसूली/सामंजन कर ली जाएगी।

8. उपर्युक्त वित्तीय उन्नयन के फलस्वरूप संबंधित पदाधिकारी की वरीयता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा तथा वह पूर्ववत बनी रहेगी।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
रामवृक्ष ठाकुर, अवर सचिव।

---

14 जुलाई 2009

सं० 01/ए0जी0विविध–21/09–3208/कृ०—बिहार कृषि सेवा कोटि–2 (कृषि अभियंत्रण) वर्ग–2 के निम्नांकित पदाधिकारियों को उसी कोटि के वर्ग–1 (वेतनमान 10,000–15,200 रु0) को चिह्नित पदों यथा उप–कृषि निदेशक (कृषि अभियंत्रण) एवं समकक्ष पदों पर उनके नाम के सामने अंकित तिथि से नियमित प्रोन्नति दी जाती है।

| क्र0 सं0 | पदाधिकारी का नाम | प्रोन्नति की तिथि |
|---|---|---|
| 1. | श्री लाल बाबू प्रसाद | दिनांक 25.02.2008 |
| 2. | श्री राधवेन्द्र पाल सिंह | दिनांक 25.02.2008 |
| 3. | श्री रवीन्द्र कुमार वर्मा | दिनांक 25.02.2008 |

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
रामवृक्ष ठाकुर, अवर सचिव।

---

14 जुलाई 2009

सं० 1/ए०जी०–विविध–21/2009–3207/कृ०—बिहार कृषि सेवा कोटि–7 (उद्यान) वर्ग–2 के पदाधिकारी श्री पवन कुमार को उसी कोटि में वर्ग–1 के चिह्नित पद यथा उप कृषि निदेशक (उद्यान) एवं समकक्ष पद वेतनमान 10,000–15,200/– में नियमित प्रोन्नति दी जाती है।

2. यह आदेश अधिसूचना निर्गत होने के पश्चात श्री कुमार द्वारा उक्त प्रोन्नत पद का प्रभार ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी होगा।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
रामवृक्ष ठाकुर, अवर सचिव।

---

14 जुलाई 2009

सं० 1/ए०जी०–विविध–21/09–3206/कृ०—वित्त विभाग के संकल्प संख्या 10770, दिनांक 30 दिसम्बर 1981 के निहित प्रावधान के आलोक में बिहार कृषि सेवा कोटि–1 (शष्य) वर्ग–2 वेतनमान 2200–4000 रू० के निम्नांकित पदाधिकारियों को विभागीय प्रोन्नति/स्क्रीनिंग समिति द्वारा की गई अनुशंसा के आधार पर उनके नाम के सामने अंकित तिथि से वेतनमान 3000–4500 रू० में औपबंधिक रूप से प्रथम कालबद्ध प्रोन्नति दी जाती है:–

| क्रमांक | पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम | प्रथम कालबद्ध प्रोन्नति की देय तिथि। |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | श्री अखिलेश्वर सहाय, सेवा–निवृत्त जिला कृषि पदाधिकारी, साहेबगंज | दिनांक 01.10.1990 |
| 2 | श्री साधुशरण प्रसाद, सेवा–निवृत्त जिला कृषि पदाधिकारी, नालन्दा | दिनांक 01.01.1988 |

2. उक्त कालबद्ध प्रोन्नति के फलस्वरूप संबंधित पदाधिकारियों को वित्तीय लाभ वित्त विभाग के संकल्प संख्या 660, दिनांक 8 फरवरी 1999 के आलोक में दिनांक 31 दिसम्बर 1995 या सेवा–निवृत्ति की तिथि जो भी पहले हो तक ही देय होगा।

3. कृषि विभाग द्वारा सम्पुष्टि के क्रम में यदि पाया जायेगा कि औपबंधिक रूप से दी गई प्रथम कालबद्ध प्रोन्नति गलत है, और इसके चलते अधिक राशि का भुगतान हुआ है तो अधिक भुगतान की गई राशि की वसूली कर ली जायेगी। कालबद्ध प्रोन्नति का वित्तीय लाभ सम्पुष्टि के उपरान्त हीं देय होगा।

4. इस प्रोन्नति से पारस्परिक वरीयता प्रभावित नहीं होगी।

5. यह कालबद्ध प्रोन्नति इस शर्त्त के साथ दी जा रही है कि मंत्रिमंडल (निगरानी) विभाग, बिहार, पटना से यदि संबंधित पदाधिकारी के संबंध में प्रतिकूल प्रतिवेदन प्राप्त होता है, तो उनको दी गई कालबद्ध प्रोन्नति नियमानुसार वापस कर ली जायेगी।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
रामवृक्ष ठाकुर, अवर सचिव।

---

14 जुलाई 2009

सं० 01/ए0जी0विविध–21/09–3205/कृ०––बिहार कृषि सेवा कोटि–1 (शष्य) वर्ग–2 को सेवा निवृत पदाधिकारी डा0 कपिलेश्वर प्रसाद सिन्हा, की वरीयता संशोधित होने के फलस्वरूप उन्हें पूर्व में दिनांक 1 फरवरी 1983 के प्रभाव से उसी कोटि के वेतनमान 1350–2000 रू0 में की गई कनीय प्रवर कोटि में प्रोन्नति की तिथि के बदले दिनांक 1 अप्रील 1981 के प्रभाव से कनीय प्रवर कोटि में नियमित प्रोन्नति की जाती है।

2. इस संबंध में पूर्व में निर्गत विभागीय अधिसूचना संख्या 12677, दिनांक 27 सितम्बर 1989 को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
रामवृक्ष ठाकुर, अवर सचिव।

---

सं0 01/ए0जी0–16/2005–69/कृ0
कृषि विभाग

---

संकल्प

7 जनवरी 2010

**विषयः– बिहार कृषि अधीनस्थ सेवा तथा बिहार कृषि सेवा वर्ग–2 के कोटि–1 (शष्य), कोटि–2 (कृषि अभियंत्रण), कोटि–3 (रसायन), कोटि–5 (पौधा संरक्षण), कोटि–7 (उद्यान), कोटि–8 (माप–तौल) एवं कोटि–9 (सांख्यिकी) में नियुक्ति हेतु शैक्षणिक योग्यता तथा इन कोटियों के अधीनस्थ सेवा से वर्ग–2 में प्रोन्नति हेतु प्रावधान के संबंध में ।**

कृषि विभाग के अन्तर्गत बिहार कृषि अधीनस्थ सेवा तथा बिहार कृषि सेवा वर्ग–2 के कोटि–1 (शष्य), कोटि–2 (कृषि अभियंत्रण), कोटि–3 (रसायन), कोटि–5 (पौधा संरक्षण), कोटि–7 (उद्यान), कोटि–8 (माप–तौल) एवं कोटि–9 (सांख्यिकी) में नियुक्ति हेतु शैक्षणिक योग्यता तथा इन कोटियों के अधीनस्थ सेवा से वर्ग–2 में प्रोन्नति हेतु पूर्ण विचारोपरान्त राज्य सरकार ने निम्नलिखित निर्णय लिया हैः–

| बिहार कृषि सेवा। | अधीनस्थ सेवा तथा वर्ग–2 में सीधी नियुक्ति हेतु शैक्षणिक योग्यता तथा अधीनस्थ सेवा से वर्ग–2 में प्रोन्नति हेतु शैक्षणिक अहर्ता। |
|---|---|
| 1 | 2 |
| कोटि–1 (शष्य) | (क) बिहार कृषि अधीनस्थ सेवा में नियुक्ति हेतु शैक्षणिक योग्यता कृषि विज्ञान में स्नातक होगा।<br>(ख) बिहार कृषि सेवा वर्ग–2 में सीधी नियुक्ति हेतु शैक्षणिक योग्यता कृषि विज्ञान में स्नातक होगा।<br>(ग) अधीनस्थ सेवा से वर्ग–2 में प्रोन्नति हेतु शैक्षणिक योग्यता की अनिवार्यता नहीं होगी, चूंकि प्रोन्नति अनुभव एवं कार्यकुशलता के आधार पर दी जानी है। |
| कोटि–2 (कृषि अभियंत्रण) | (क) बिहार कृषि अधीनस्थ सेवा में सीधी नियुक्ति हेतु शैक्षणिक योग्यता कृषि अभियंत्रण में स्नातक होगा।<br>(ख) बिहार कृषि सेवा वर्ग–2 में सीधी नियुक्ति हेतु शैक्षणिक योग्यता कृषि अभियंत्रण में स्नातक होगा। |
| कोटि– 3 (रसायन) | (क) बिहार कृषि अधीनस्थ सेवा में नियुक्ति हेतु शैक्षणिक योग्यता कृषि विज्ञान में स्नातक/विज्ञान में स्नातक, रसायन के साथ होगा।<br>(ख) बिहार कृषि सेवा वर्ग–2 में सीधी नियुक्ति हेतु शैक्षणिक योग्यता कृषि विज्ञान में स्नातक/विज्ञान में स्नातक, रसायन के साथ होगा।<br>(ग) अधीनस्थ सेवा से वर्ग–2 में प्रोन्नति हेतु शैक्षणिक योग्यता की अनिवार्यता नहीं होगी, चूंकि प्रोन्नति अनुभव एवं कार्यकुशलता के आधार पर दी जानी है। |
| कोटि–5 (पौधा संरक्षण) | (क) बिहार कृषि अधीनस्थ सेवा में नियुक्ति हेतु शैक्षणिक योग्यता कृषि विज्ञान में स्नातक/विज्ञान में स्नातक, जीव विज्ञान (वनस्पति/जंतु विज्ञान)के साथ होगा ।<br>(ख) बिहार कृषि सेवा वर्ग–2 में सीधी नियुक्ति हेतु शैक्षणिक योग्यता कृषि विज्ञान में स्नातक/विज्ञान में स्नातक, जीव विज्ञान(वनस्पति/जंतु विज्ञान) के साथ होगा ।<br>(ग) अधीनस्थ सेवा से वर्ग–2 में प्रोन्नति हेतु शैक्षणिक योग्यता की अनिवार्यता नहीं होगी, चूंकि प्रोन्नति अनुभव एवं कार्यकुशलता के आधार पर दी जानी है । |
| कोटि– 7 (उद्यान) | (क) बिहार कृषि अधीनस्थ सेवा में नियुक्ति हेतु शैक्षणिक योग्यता कृषि विज्ञान में स्नातक/उद्यान स्नातक होगा ।<br>(ख) बिहार कृषि सेवा वर्ग–2 में सीधी नियुक्ति हेतु शैक्षणिक योग्यता कृषि विज्ञान में स्नातक/उद्यान स्नातक होगा ।<br>(ग) अधीनस्थ सेवा से वर्ग–2 में प्रोन्नति हेतु शैक्षणिक योग्यता की अनिवार्यता नहीं होगी, चूंकि प्रोन्नति अनुभव एवं कार्यकुशलता के आधार पर दी जानी है । |
| कोटि– 8 (माप–तौल) | (क) निरीक्षक के पद पर नियुक्ति हेतु शैक्षणिक योग्यता विज्ञान में स्नातक (भैतिकी) के साथ/प्रौद्योगिकी या अभियंत्रण में स्नातक/अभियंत्रण में डिप्लोमा तीन वर्ष का व्यावहारिक अनुभव के साथ होगा ।<br>(ख) विभागीय संकल्प सं0 2995 दिनांक 4 मार्च 1989 द्वारा निरीक्षक के पद पर प्रोन्नति का प्रावधान यथावत होगा ।<br>(ग) सहायक नियंत्रक, उप नियंत्रक एवं नियंत्रक के पद पर नियुक्ति हेतु शैक्षणिक योग्यता विज्ञान/अभियंत्रण या कृषि में स्नातक होगा ।<br>(घ) अधीनस्थ सेवा से वर्ग–2 में प्रोन्नति हेतु शैक्षणिक योग्यता की अनिवार्यता नहीं होगी, चूंकि प्रोन्नति अनुभव एवं कार्यकुशलता के आधार पर दी जानी है । |
| कोटि–9 (सांख्यिकी) | (क) बिहार कृषि अधीनस्थ सेवा में नियुक्ति हेतु शैक्षणिक योग्यता कृषि में स्नातक/सांख्यिकी अथवा गणित के साथ स्नातक होगा ।<br>(ख) बिहार कृषि सेवा वर्ग–2 में सीधी नियुक्ति हेतु शैक्षणिक योग्यता कृषि में स्नातक/सांख्यिकी अथवा गणित के साथ स्नातक होगा ।<br>(ग) अधीनस्थ सेवा से वर्ग–2 में प्रोन्नति हेतु शैक्षणिक योग्यता की अनिवार्यता नहीं होगी, चूंकि प्रोन्नति अनुभव एवं कार्यकुशलता के आधार पर दी जानी है । |

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
के0 सी0 साहा, कृषि उत्पादन आयुक्त।

सहकारिता विभाग

अधिसूचना
18 फरवरी 2010

सं० 1/रा०स्था०(मु०)–01/2006–748—विभागीय अधिसूचना सं० 274, दिनांक 4 फरवरी 2006 के क्रमांक 1 जिसमें सचिव, सहकारिता विभाग के सचिवालय प्रभाग के अन्तर्गत लोक सूचना पदाधिकारी के आदेश के विरूद्ध अपील सुनने के लिए अपीलीय पदाधिकारी के रूप में अधिसूचित किया गया था, में आंशिक संशोधन करते हुए संयुक्त सचिव, सहकारिता विभाग को अपीलीय प्राधिकार के रूप में अधिसूचित किया जाता है।

शेष अंश यथावत रहेंगे।

2. यह तुरंत प्रवृत होगा।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
ललन राय, उप–सचिव।

उद्योग विभाग

अधिसूचना
24 नवम्बर 2009

सं० सू0को0उद्योग (01)02/06–4874—श्री कौशलाधीश उपाध्याय, अवर सचिव–सह–नामित लोक सूचना पदाधिकारी, उद्योग विभाग, बिहार, पटना के स्थानान्तरण के फलस्वरुप श्री रवि भूषण प्रसाद, उप उद्योग निदेशक (तकनीकी), तकनीकी विकास निदेशालय, बिहार, पटना को श्री उपाध्याय के स्थान पर लोक सूचना पदाधिकारी, उद्योग विभाग, बिहार, पटना के रूप में नामित (designate) किया जाता है।

2. यह आदेश तत्कालिन प्रभाव से लागू होगा।

3. पूर्व में निर्गत आदेश इस हद तक संशोधित समझे जायेंगे।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से
(ह0) अस्पष्ट, उप–सचिव।

भवन निर्माण विभाग

अधिसूचना
22 फरवरी 2010

सं० भवन/स्था.-1-पदा.-01/07-1316(भ.)—श्री कमलाकान्त झा, नव प्रोन्नत (नियमित रूप से) अधीक्षण अभियंता, जिनकी सेवा पथ निर्माण विभाग की अधिसूचना संख्या-1117(S) दिनांक 21 जनवरी 2010 द्वारा पदस्थापन हेतु भवन निर्माण विभाग को प्राप्त है, को अगले आदेश तक अधीक्षण अभियंता, पटना भवन अंचल, पटना के पद पर पदस्थापित किया जाता है।

बिहार-राज्यपाल के आदेश से
हृदय नारायण झा, विशेष सचिव।

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।
बिहार गजट, 50—571+600-डी0टी0पी0।
Website: http://egazette.bih.nic.in

# भाग-2

## बिहार-राज्यपाल और कार्याध्यक्षों द्वारा निकाले गये विनियम, आदेश, अधिसूचनाएं और नियम आदि।

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन–जाति कल्याण विभाग

कार्यालय आदेश
21 अगस्त 2009

सं० 2/अनुकंपा–100–02/2009–3552—कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग के पत्र सं0 2822 दिनांक 27 अप्रील 1995 तथा कल्याण विभाग के पत्रांक–5974, दिनांक 8 नवम्बर 1995 के आलोक में जिला अनुकम्पा समिति पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी से प्राप्त अनुशंसा के आधार पर श्री विकल सारंगधर, पिता स्व0 नागेन्द्र प्रसाद शर्मा, प्रखंड कल्याण पर्यवेक्षक, जिला कल्याण कार्यालय, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी को अनुकम्पा के आधार पर जिला कल्याण कार्यालय, मोतिहारी, पूर्वी चम्पारण के अन्तर्गत निम्नवर्गीय लिपिक के पद पर वेतनमान् 3050–80–4590 रु0 में समय–समय पर सरकार द्वारा अनुमान्य देय भत्ते के साथ निम्नांकित शर्त्तों के साथ अस्थायी रूप से नियुक्त किया जाता है।

1. इनके ऊपर आश्रित परिवार के भरण–पोषण का पूर्ण उत्तरदायित्व होगा।

2. श्री विकल सारंगधर की नियुक्ति के संबंध में दिनांक 1 सितम्बर 2005 से प्रभावी ''बिहार सरकारी कर्मचारी अंशदायी पेंशन योजना 2005'' लागू होगी।

3. नियुक्ति आदेश निर्गत की तिथि से 21 दिनों के अन्दर वे उप–निदेशक, कल्याण, पटना प्रमंडल, पटना के कार्यालय में योगदान करेगें।

